## सार-समाचार

### नवप्रवेशित विद्यार्थियो को दी नई पुस्तकें

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राउमावि अमरथून में ड्राप आऊट, हाऊस होल्ड सर्वे में विद्यालय से वंचित घुमंतू समुदाय से जुड़े बच्चों की पहचान करके उन्हें नोडल के विद्यालयों में आवेदन भर कर तत्काल प्रवेश कराया गया। राउमावि अमरथुन में आयोजित समारोह में नव प्रवेशित 15 विद्यार्थियो को तिलक लगा माला पहनाकर स्वागत कर नई पुस्तकें प्रदान की गयी। ध्यान रहे कि जन सम्पर्क महा अभियान के तहत राजकीय कार्मिक अमरथून में हाऊस होल्ड सर्वे, ड्राप आऊट सर्वे व नवीन प्रवेश के लिये और घर घर पहुंच कर विद्यार्थियो को प्रेरित कर सुविधाओं की जानकारी दे रहे हैं। प्रवेश प्रभारी बदन लाल डामोर ने बताया कि ठामीण अंचल में पगडंडियों से ऊंची पहाड़ियों पर निवासरत ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों अभिभावक से घर घर जाकर अनुरोध कर रहे हैं कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं होता हैं और गणवेश, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, भोजन, प्रोत्साहन राशियो, आपकी बेटी योजना, पालनहार योजना, ट्रान्सफर वाउचर, निःशुल्क साईकिल सहित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष हितेश कुमार निनामा ने नवप्रवेशित बालकों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियो को नई पुस्तकें प्रदान की। इस अवसर पर काली बाई बालिका कल्याण समिति की प्रभारी रैना निनामा, प्रज्ञा अधिकारी ने विद्यार्थियों को मध्याह्न दोपहर भोजन प्रभारी मयूर पड़ियार की अगुवाई में फल और मीठा भोजन प्रदान किया। समारोह में पारी प्रभारी खुश पाल कटारा ने भामाशाह के सहयोग से अनाथ पालनहार आपकी बेटी योजना में पात्र अध्ययनरत विद्यार्थियो को प्राथमिकता से अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की।

### 'समस्याओं को गंभीरता से सुने'

**डूंगरपुर,** (निसं)। नव नियुक्त जिला कलक्टर देशलदान ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आमजन की समस्याओं को ध्यान से सुने तथा यथाशीघ्र समय पर समाधान करें। उन्होंने यह निर्देश गुरुवार को ईडीपी सभागार में अपनी नियुक्ति के पश्चात जिला स्तरीय अधिकारियों की पहली बैठक लेते हुए दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त आमजन की समस्याओं का जो अपने स्तर पर संभव हो उसका शीघ्रता से समाधान कर राहत प्रदान करें तथा जो उच्च स्तर से संबंधित है उस हेतु अवगत करावें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग से संचालित कार्यों की फील्ड पर स्वयं पहुंच कर प्रभावी मॉनिटरिंग करने, अधीनस्थ कार्मिकों को भी जिम्मेदारी से कार्य करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभाग वार योजनाओं, विकास कार्यों, बजट घोषणाओं, स्वीकृत कार्यो, वर्तमान प्रगति रत स्थिति तथा जहां कोई समस्या आ रही है, उसकी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने वर्तमान में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण की भी विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए छात्रावासों में उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा इस हेतु सीईओ एवं एसीईओं को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर, सीईओ सहित समस्त अधिकारी गण मौजूद रहे।

### स्टार्टअप इनिशिएटिव विषय पर कार्यशाला

**उदयपुर,** (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा 'स्टार्टअप इनिशिएटिव' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप की मूलभूत अवधारणाओं, नवाचार की प्रक्रियाओं तथा उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों से अवगत कराना था, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर एवं उद्यमशील बन सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग की निदेशक प्रो. मंजू माण्डोत द्वारा अतिथियों एवं विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुआ। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में स्टार्टअप्स देश की आर्थिक प्रगति के प्रमुख स्तंभ बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि नई तकनीकों, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बढते उपयोग ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने विभाग के बीसीए, एमसीए, एमएससी, पीजीडीसीए में अध्यनरत विद्यार्थियों को नवाचार के प्रति जागरूक रहते हुए अपने विचारों को उद्यम में बदलने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि प्रो. एन. एन. जानी ने अपने उद्बोधन में स्टार्टअप्स की वर्तमान प्रासंगिकता को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स ने भारत में न केवल रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए हैं, बल्कि पारंपरिक व्यवसाय मॉडल में भी परिवर्तन लाकर आर्थिक संरचना को सुदृढ किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को समस्या-समाधान आधारित सोच विकसित करने और तकनीकी नवाचार के माध्यम से समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने पर बल दिया। मुख्य वक्ता प्रो. हिरेन जोशी, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस, गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद ने अपने व्याख्यान में बताया कि भारत विश्व के अग्रणी स्टार्टअप हब के रूप में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग यदि सही दिशा, मार्गदर्शन और संसाधनों का उपयोग करे, तो वह वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है।

### हनुमान जयंती पर जुलूस निकाला

**भीम,** (निसं)। हनुमान जयंती के अवसर पर कस्बे के मुख्य मार्गों से भव्य जुलूस निकाला गया।सदर बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना का जुलूस का शुभारंभ हुआ जिसमें अंजनी पुत्र हनुमान लला के जीवन वृत्त पर आधारित कौनसा है झांकियां सजाई गई तथा जगह जगह पर पुष्प वर्षा की गई।जुलूस के दौरान कई स्थानों पर विभिन्न धार्मिक,सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने पेयजल,शरबत एवं अल्पाहार की व्यवस्था रखी गई।बरतू,सदर बाजार,पाटिया,निचला बाजार स्थित हनुमान मंदिरों पर भव्य साज सज्जा की गई जहां भक्त जनों ने सुंदरकांड,हनुमान चालीसा,बजरंग बाण,राम नाम जप आदि विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

### हनुमान चालीसा पाठ किया

**राजसमंद,** (निसं)। भारत विकास परिषद द्वारकेश शाखा राजसमंद के उपाध्यक्ष अंकित परमार ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर शहर में धर्म और आस्था की विशेष भावना देखने को मिली। भारत विकास परिषद द्वारकेश शाखा राजसमंद के द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों स्मार्ट स्टडी स्कूल, आलोक स्कूल, ऑरेंज काउंटी, लक्ष्मीपति सिंघानिया स्कूल, डोरा किड्स एवं एक मुख-बधिर विद्यालय में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सहभागिता 5००० से अधिक छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय प्रबंधन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हनुमान के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं उनकी आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने कार्यक्रम में उत्साह और आकर्षण बढाया। मुख्य आकर्षण हनुमान चालीसा पाठ रहा जिसको भारत विकास परिषद द्वारकेश के सदस्यों, विद्यालय के बच्चे, शिक्षकों एवं प्रबुद्ध जनों ने पूरी श्रद्धा और लयबद्धता के साथ सामूहिक रूप से गाया। चालीसा की चौपाइयों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भारत विकास परिषद द्वारकेश शाखा राजसमंद के इस भक्ति मय आयोजन से पूरा विद्यालय परिसर भक्ति और ऊर्जा से गूंज उठा, जिससे कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक और यादगार बन गया। हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया। इस आयोजन में भारत विकास परिषद द्वारकेश शाखा राजसमंद के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। गौरव माहेश्वरी, राजू बोहरा, शरद कोठारी, विपिन जैन, विकास जैन, अंकित परमार, प्रवीण गहलोत, मनोज कोठारी, अविलेश कावडिया एवं अन्य सभी सदस्यों ने भारत विकास परिषद द्वारकेश शाखा राजसमंद के अध्यक्ष हर्षित मित्तल के दिशा-निर्देशन में इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### कैरियर काउंसलिंग सेमिनार कल

**बांसवाड़ा,** (निसं)। लीयो इंटरनेशनल स्कूल में 4 अप्रैल को प्रातः 10 बजे स्कूल कैंपस के कॉन्फ्रेंस हॉल में कैरियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया जायेगा। निदेशक मनीष त्रिवेदी ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को कला, विज्ञान, वाणिज्य तथा आईटी सेक्टर में उपलब्ध विभिन्न कोर्स एवं कैरियर संभावनाओं पर जानकारी दी जाएगी। सेमिनार में विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक दोनों भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों को विशेषज्ञों से व्यक्तिगत परामर्श प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा जिससे वे अपनी जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान कर सकेंगे। जिले में पहली बार साइकोमेट्रिक टेस्ट के माध्यम से कैरियर गाइडेंस प्रदान किया जाएगा। इस मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन प्रक्रिया के जरिए विद्यार्थी अपनी रुचियों, क्षमताओं एवं संभावनाओं को समझते हुए उपयुक्त कैरियर का चयन कर सकेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में हुए सुंदरकांड व हवन-अनुष्ठान

**उदयपुर/ डूंगरपुर,** (कासं) । झीलों की नगरी उदयपुर में गुरुवार को हनुमान जयंती की धूम रही । शहर के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुंदरकांड और हवन.अनुष्ठान हुए ।सुबह से ही श्रद्दालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचने लगे । मंदिरों में रात तक बडी संख्या में भक्तों की रेलमपेल रही।



हनुमान जयंती पर मंदिरों में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

शहर के लगभग सभी बडे मंदिरों में आज सुबह से ही प्रभु का दुग्धाभिषेक,पंचामृत अभिषेक और रुद्राभिषेक किया गया। पंडितों ने विधि.विधान के साथ हनुमान जी का अलौकिक श्रृंगार किया,जिसे देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध नजर आया। दक्षिणमुखी मंशापूर्ण हनुमान जी का प्रातः काल पंचगव्य,अष्ट गंध,तेल और सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया गया। इसके बाद तेल अभिषेक और हवनात्मक पाठ की पूर्णाहुति हुई। भगवान को छप्पन भोग धराया गया और भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। जन्मदिवस के मौके पर भक्त मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा.अर्चना और भोग के साथ हनुमान चालीसा पढते दिखे। वहीं पूर्व संध्या पर बजरंग सेना मेवाड की ओर से शहर में शोभायात्रा भी निकाली गई।सुबह करीब 5 बजे से भक्त हनुमानजी के चरणों में ढोक लगाने पहुंचने लगे । किसी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया तो किसी ने विशेष पूजा.अर्चना और भोग के साथ अपनी हाजिरी लगाई । इस अवसर पर मंदिरों को भी विशेष रूप से सजाया गया है।बदनोर की हवेली स्थित प्रसिद्ध श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में 111 मीटर लंबी भव्य मेवाडी पगडी धराई गई इस पगडी को विशेष रूप से तैयार किया गया । दोपहर में भगवान को यह पगडी धराए जाने से पहले ओल्ड सिटी के संकरे रास्तों से एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई ।

वहीं हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर बजरंग सेना मेवाड की ओर से शहर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा टाउन हॉल से शुरू होकर सूरजपोल, धानमंडी, हाथीपोल, अश्विनी बाजार,देलीगेट और बापू बाजार जैसे प्रमुख इलाकों से गुजरी। शोभायात्रा में सैकडों कार्यकर्ता अपने वाहनों पर भगवा झंडे लगाकर शामिल हुए।

**डूंगरपुर संवाददाता के अनसार :** शहर मे हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसको लेकर गुरुवार को दिनभर हनुमान मंदिरों मे दर्शनार्थियों की भीड लगी रही। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं स्वच्छता के ब्रांड एंबेसेडर के.के. गुप्ता,पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा मंदिरों मे दर्शन कर वागड के लिए खुशहाली की कामना करी। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर कई स्थानों पर सुंदर कांड का आयोजन भी किया गया। इस दौरान तहसील चौराहा स्थित राजा जी की छतरी स्थित हनुमान मंदिर,खेड़ापति हनुमान मंदिर, हड़मत पोल स्थित हनुमान मंदिर,नया महादेव परिसर मे स्थित हनुमान मंदिर, शास्त्री कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर,उदय विलास मार्ग स्थित पावड़िया हनुमान मंदिर, भंडारिया स्थित हनुमान मंदिर, हाउसिंग बोर्ड सहित शहर के विभिन्न मंदिरों मे भगवान की मनोहारी आंगी एवं 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। इसके पश्चात शाम ढलने के साथ ही मंदिर स्थलों पर दर्शन करने वाले धर्मप्रेमियों की भरी भीड़ उमड़ी। इस दौरान कई भामाशाहों द्वारा ठंडे पेयजल सहित अन्य खाद्य वस्तुओं का भंडारा भी आयोजित किया गया। कानून व्यवस्था के लिए शहर कोतवाल अजय सिंह राव सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी हनुमान मंदिरों मे तैनात थे।

## शोभायात्रा निकाली

**कपासन,** (निसं)। कपासन में चल रहे पांच दिवसीय श्री हनुमान प्राकट्यय महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा दिगम्बर संत श्री खुशाल भारती जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा रोकड़िया बालाजी मंदिर से गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शुरू हुई। शोभायात्रा में भगवान हनुमान की आकर्षक झांकियां और आठ पालकियों में विराजित संत शामिल रहे।

भक्तजन पूरे रास्ते भक्ति गीतों और जयकारों के साथ यात्रा में शामिल रहे। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते समय श्रद्धालुओं ने संतों और झांकियों के दर्शन किए। यात्रा के दौरान विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने संत श्री खुशाल भारती जी महाराज का पुष्प वर्षा सहित स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।यह शोभायात्रा रोकड़िया हनुमान मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए खारी बावड़ी बालाजी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

खारी बावड़ी बालाजी मंदिर पहुंचने के बाद भगवान बालाजी की भव्य महाआरती की गई। इसके बाद विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शोभा यात्रा में महिलाओं सहित पुरुषों ने भजन के धून पर नृत्य भी किया गया।

## आरएसओवी से पीड़ित हार्ट फेलियर को नॉन-इनवेसिव डिवाइस क्लोजर से मिला उपचार



आरएसओवी से पीड़ित गंभीर हार्ट फेलियर को नॉन-इनवेसिव डिवाइस क्लोजर से सुरक्षित उपचार मिला।

**उदयपुर,** (कासं)। चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश पटेल के नेतृत्व में डॉ. दिलीप जैन, डॉ. गौरव मित्तल, डॉ. रोहिन सैनी, एनेस्थीसिया से डॉ. केशव महेश्वरी, लोकेश प्रजापत एवं जितेंद्र सिंह की संयुक्त टीम ने एक अत्यंत जटिल हार्ट फेलियर से पीड़ित मरीज का बिना सर्जरी सफल इलाज किया है।

मरीज रप्चर्ड साइनस ऑफ वलसाल्वा आर एस ओ वी जैसी गंभीर हृदय बीमारी से ठासित था। उसकी हालत अत्यंत नाजुक थी और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर था। हार्ट फेलियर के साथ मल्टी-ऑर्गन फेलियर की स्थिति होने के कारण ओपन हार्ट सर्जरी संभव नहीं थी। ऐसे में मरीज का इलाज उच्च जोखिम मानते हुए कई बड़े अस्पतालों ने असमर्थता जताई थी।

टीम ने मरीज की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन कर नॉन-इनवेसिव डिवाइस क्लोजर प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया। यह एक आधुनिक और जटिल तकनीक है, जिसमें बिना किसी बड़े चीरे के विशेष डिवाइस की सहायता से हृदय में बने छेद को बंद किया जाता है, जिससे दिल पर पड़ने वाला दबाव कम हो जाता है।

सफल प्रक्रिया के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार देखा गया है। वर्तमान में मरीज खतरे से बाहर है और स्वस्थ है।

यह उपचार दर्शाता है कि आधुनिक चिकित्सा तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों और समन्वित टीमवर्क के माध्यम से जटिल और उच्च जोखिम वाले हृदय रोगों का सुरक्षित इलाज संभव है।

# धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

बांसवाड़ा, (निसं)। नई आबादी गणपति सेवा संस्थान की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर पर विराजित हनुमानजी की प्रतिमा का श्रृंगार वागा किया गया वहीं पूजा पाठ के साथ मंदिर पर नई ध्वजा चढ़ाई गई। इसके पश्चात भगवान को 21 प्रकार के प्रसाद भोग धराये गये। श्रद्धालुओं हनुमानजी के जन्म की महाआरती का लाभ लिया। इधर हाउसिंग बोर्ड शिव शक्ति मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर आशापुरी महिला मंडल एवं आशापुरी सुंदरकांड महिला मंडल की सदस्याओं ने अखंड रामायण पाठ, 21 बार हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ किये।

# स्वच्छता से बनी पहचान को बनाए रखने की शहरवासियों की जिम्मेदारी : गुप्ता

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर। स्वच्छ भारत मिशन शहर राजस्थान सरकार के ब्रांड एंबेसडर और नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति के के गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और विजन को धरातल पर साकार करने के लिए तीसरी बार भरोसा व्यक्त करके मुझे राजस्थान का स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

गुप्ता ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग का असर है कि प्रदेश के 25 जिलों में स्वच्छता को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं और हर शहर में डूंगरपुर के नाम के चर्चे हैं। जनता का सहयोग रहा तो स्वच्छता के अंतरराष्ट्रीय पटल पर राजस्थान को अव्वल और डूंगरपुर को नंबर एक बनाकर रहेंगे। कार्यक्रम में शिक्षाविद दिनेश चंद्र श्रीमाल, पूर्व उपसभापति पूरणमल दावडा, रोशन दोशी, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष विजय जैन, धनेश्वर पंड्या, गिरीश पानेरी एवं प्रभु लाल पटेल मंचासीन रहे। गुप्ता ने कहा कि बतौर सभापति 5 साल का कार्यकाल शहरी विकास और स्वच्छता के दस्तावेज के रूप में है। शहर की जनता को स्वच्छता से समझौता नहीं



राजस्थान स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर केके गुप्ता द्वारा प्रदेश के कई जिलों में स्वच्छता को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है।

करने देंगे। सख्ती भी करनी पडे तो स्वच्छता के लिए करेंगे। गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर मेरा दिल है और मेरे दिल में डूंगरपुर सदैव रहेगा।

गुप्ता ने अपने सभापति कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि सभापति की कुर्सी संभाली तो चुनौतियां बडी थी। डूंगरपुर की जनता ने मुझ जैसे साधारण व्यक्ति को असाधारण कार्यों के लिए चुना तो हमने भी जन उम्मीदों को साकार करने 5 साल तक पूरी ताकत से काम किया। डूंगरपुर मेरी कर्मभूमि रही है। डूंगरपुर की पावन और दिव्य धरा के लिए हर संभव कार्य पूरी ताकत के साथ करूंगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जहां कहीं भी जाता हूं डूंगरपुर का नाम जरूर लेता हूं। तीसरी बार ब्रांड एंबेसडर बना तो पूरे राजस्थान में खलबली मची और सर्वाधिक खलबली डूंगरपुर में मची है। स्वच्छता हर हाल में कायम रहेगी और डूंगरपुर को नंबर एक बनाने तक ना रुकेंगे ना ही थकेंगे।नगर के युवा वर्ग को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने हेतु अच्छी लाइब्रेरी नगर परिषद द्वारा उपलब्ध कराई गई। जो भी पुस्तक की मांग विद्यार्थी करते थे मात्र 3 दिन में वह पुस्तक उपलब्ध करवाने के साथ-साथ आईएएस, आईपीएस, आरजेएस, आर ए एस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई और जब भी कोई सरकारी नौकरी के आवेदन निकलते थे तब निशुल्क रूप से अच्छी कोचिंग की व्यवस्था के साथ-साथ अंग्रेजी सीखने और कंप्यूटर सीखने के निशुल्क व्यवस्था 365 दिन की गई। नगर के 73 विद्यालयों के टॉयलेट की मरम्मत तथा उन्हें नियमित साफ करने का काम भी नगर परिषद द्वारा किया गया।बेरोजगार और विधवा महिलाओं के लिए 100 सिलाई मशीन, पापड बनाने, पत्तल दोना बनाने तथा सेनेटरी पैड बनाने की मशीन लगाकर उन्हें रोजगार से जोडने का कार्य किया, जहां करीब 1500 महिलाओं ने प्रशिक्षण लेकर आज अपने परिवार का लालन पोषण कर रही हैं तथा नियमित 40 महिलाएं आज भी उन्नति सेवा संस्थान में रोजगार प्राप्त कर रही है। सर्वप्रथम शहर ही पूरानी बावे एवं कुओं की सफाई करवाकर गहरे कर उनसे प्रतिदिन 8 लाख लीटर पानी नियमित रूप से जलदाय विभाग को देने का कार्य किया।

## सार-समाचार

### एमडीएमए मय बाईक जब्त, एक गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने जमानत से छूटने के बाद मादक पदार्थ तस्करी करते बदमाश को गिरफ्तार कर अवैध एमडीएमए व बाईक जब्त की। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में खेरोदा थानाधिकारी सुरेश विश्नोई के नेतृत्व में गठित दल ने नेशनल हाईवे 48 पर वासुदेव होटल के सामने भटेवर पर नाकाबंदी के दौरान मंगलवाड़ की तरफ से उदयपुर आ रहे बाइक चालक को रोक पूछताछ की तो उसने अपना नाम सिराज खान उर्फ कालु पुत्र बाबू खां निवासी नवानिया वल्लभनगर हाल बाठेडा की सराय डबोक को होना बताया। जिसकी तलाशी ली तो उसके कब्ज में बैग से अवैध 30ग्राम एमडीएमए बरामद की। इस पर आरोपी मादक पदार्थ मय बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज जांच वल्लभनगर थानाधिकारी पूनारम को सौंपी। सिराज खान को खेरोदा थाना पुलिस ने दिसंबर 2025 में सिराक को गिरफ्तार कर कार मय एमडीएमए जब्त कर जेल भिजवाया था। जमानत पर छूटने के बाद दुबारा एमडीएमए तस्करी मामले में गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

### अवैध गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने ऑपेरश त्रिनेत्र अभियान के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी गजवीरसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नेला तालाब की पाल पर कार्यवाही करते हुए भेरूलाल पुत्र लालूराम निवासी मेघवाल बस्ती गातोड़ सराड़ा सलूम्बर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 427ठााम अवैध गांजा बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर,**(कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कंपनी में काम करते हुए नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पवन कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल गर्ग निवासी बाईपास मार्ग खेरागढ आगरा हॉल प्राधिकृत प्रतिनिधी ट्रेजरी सिस्टाम प्रा. लि. इमेजिन सर्विस सेंटर सेलीब्रेशन मार्ग ने आरोपी जितेन्द्र सिसोदिया पुत्र नन्दसिंह निवासी जेके नगर के सामने डीसीएम रोड़ बाम्बे योजना कोटा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि हमारी कंपनी एप्पल कंपनी के निर्मित उत्पाद विक्रय करने एवं सर्विस करने का काम करती है तथा आरोपी कंपनी में रहते हुए एकाउन्ट एक्ज्यूकेटिव पद पर काम करता था। आरोपी ने काम करते हुए 1लाख 38 हजार रूपये की नकदी हडप ली तथा पकडे जाने के भय से नौकरी छोड़ गया।

### अपहरण कर धमकाने का मामला

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के प्रताप नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पीडित का अपरण कर जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गोपाल डांगी पुत्र वैणीराम डांगी निवासी लकडवास ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 31 मार्च को कार में सवार अज्ञात बदमाश कलडवास से मेरा अपहरण कर ले गए। इसका विरोध करने के बावजूद आरोपियों ने सात घंटे तक बंधक बनाए मुझे कार में इधर उधर घुमाया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए पकड़े जाने के भय से एकलिंगपुरा चौराहा के समीप छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### नमित मेहता ने आबकारी आयुक्त का पदभार किया ग्रहण

**उदयपुर,**(कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री नमित मेहता ने गुरूवार को आबकारी भवन उदयपुर में आबकारी आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बुकें भेंट कर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं प्रदान की। श्री मेहता ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात् अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि सभी को विभागीय नीतियों, आकांक्षा एवं अपेक्षा के अनुरूप समर्पण भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। इस मौके पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत, उपायुक्त ईपीएफ प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत, वित्तिय सलाहकार सुनिता विजय, जिला आबकारी अधिकारी आदराम दहिया मौजूद रहे।आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने पदभार ग्रहण करने के बाद आबकारी भवन उदयपुर में विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण करते हुए प्रदत्त दायित्व संबंधी जानकारी ली। उन्होंने उप विधि परामर्शी, संस्थापन शाखा, आबकारी निरोधक दल, आईटी, लेखा, होलोग्राम यूनिट, निजी सचिव,स्टोर, पॉलिसी सेक्शन, एपीएआर सेक्शन सहित विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया सम्मान

**उदयपुर,**(कासं)। राजस्थान विद्यापीठ कुल द्वारा संचालित श्रीमन्नारायण उच्च माध्यमिक विद्यालय के 12 कक्षा में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, प्रधानाचार्य राजकुमारी सनाढ्य ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों का उपरणा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य राजकुमारी सनाढ्य ने बताया कि कक्षा 12 के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए जिसमे योगिता गायरी 86.4 प्रतिशत, हुकम सिंह सिसोदिया कृषि विज्ञान वर्ग में 85.2 प्रतिशत, वाणिज्य वर्ग में देवराज डांगी 79 प्रतिशत, कला वर्ग में चर्बी चौधरी 80.20 प्रतिशत में उर्तीण रहे। 10वीं का परीक्षा परिणाम भी सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें जिज्ञासा चुंडावत, विद्या बंजारा संजना कुमारी डांगी, युवराज सिसोदिया ने सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया।उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए भंवर लाल गुर्जर ने भविष्य की बधाई देते हुए कहा कि समय अमुल्य है इसे व्यर्थ में न गवाये। आधुनिकता के दौर में आज का युवा अपनी राह से भटकते जा रहे है, ओर सोशल मिडिया की काल्पनिक दुनिया में खोये रहता है और जीवन का बडा हिस्सा इनमें खराब कर देते है जो चिंता का विषय है, वे अपने फोलोअर्स को देख कर खुश होते है लेकिन असल जीवन में उनका कोई महत्व नहीं है। प्रो. सारंगदेवोत ने युवाओं को सोशल मिडिया एवं नशीले पदार्थो के दूर रहने की नसीहत दी।

### फर्जी दस्तावेज से जमीन हड़पी

**उदयपुर,**(कासं)।शहर के सविना थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज से जमीन हडपने वाले आरोपी व सहयोगियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नरेन्द्र प्रजापति पुत्र प्रेमचंद प्रजापति निवासी मैन रोड़ सविना ने आरोपी मो. आसिफ पुत्र मो. गनी निवासी छबीला भेरू मार्ग सहित छह आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरे दादा कालुलाल उर्फ कललूलाल की तितरड़ी में जमीन हैं तथा उनकी वर्ष 2008 में मृत्यु हो गई थी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पीपलीनगर जिला राजसमन्द (राज.)**

क्रमांकः ग्रापं/लेखा/ई टेण्डर/2025-26/26 दिनांकः- 02.04.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों को करवाने लिए नियम 181 के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में राजस्थानGST अधिनियम 2017/GST के अन्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा का पूर्ण विवरण, शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं Dowanload कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड से कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

NIB Code- ZRR2627A0003
UBN Code- ZRR2627WSOB00004 to 06

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पीपलीनगर
पंचायत समिति, भीम